दो बाल-विवाह रुकवाने में मिली सफलता

श्रावस्ती। शासन द्वारा चलाए जा रहे बाल श्रम मुक्त अभियान व बाल विवाह रोकथाम अभियान के संबंध में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष एएचटीयू पुष्पलता मय पुलिस व चाइल्डलाइन की संयुक्त टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए थाना इकौना के अंतर्गत ग्राम इटवरिया में पहुंचकर 02 बाल विवाह रोकने का सफल कार्य किया गया तथा मौके पर मौजूद लोगों व परिवारजनों को भविष्य में कभी बाल विवाह न करने की चेतावनी तथा प्रमाण पत्र लेकर बाल विवाह कानून के बारे में जानकारी दी गई तथा अन्य कई जगहों पर बालश्रम उन्मूलन अभियान, बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बालविवाह जन जागरुकता अभियान चलाया गया।

संचालित दुकानों और होटलों की चेकिंग की गई तथा बाल श्रम रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही नीतियों के बारे में दुकानदारों को अवगत कराया एवं हिदायत दी गई की भविष्य में किसी भी प्रकार के बच्चों से बाल श्रम ना कराये तथा महिला एवं बच्चों को बाल विवाह न करने के संबंध में जागरूक किया गया एवं शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया। भविष्य में बच्चों से बालश्रम न कराने व बालविवाह न करने की हिदायत दी गयी तथा आमजन से किसी प्रकार के बाल विवाह की पुलिस को जानकारी देने हेतु अपील की गयी ताकि इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सके।